भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1636

जिसका उत्तर 10 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है

खानों में स्थानीय लोगों को रोजगार

1636. श्री छोटेलालः

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक विशाल कोयला खदान, जहाँ कई बड़ी कंपनियाँ खनन कार्य में लगी हुई हैं, स्थित होने के बावजूद स्थानीय लोगों को कोई रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक कितने स्थानीय लोगों और बाहरी लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है; और

(ग) उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध न कराए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): उत्तर प्रदेश में रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सोनभद्र जिले में, कोल इंडिया लिमिटेड नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के माध्यम से कार्य करती है। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड अपने विभिन्न अनुबंधों में यह सुनिश्चित करता है कि स्थानीय लोगों को अनुबंध प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे विभिन्न कार्यों में पर्याप्त रूप से समायोजित किया जाए। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सोनभद्र जिले में दिनांक 01.11.2025 तक एनसीएल की प्रमुख अनुबंध एजेंसियों द्वारा कुल 6154 अनुबंध श्रमिकों में से परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएपी)/स्थानीय लोगों को दिए गए रोजगार की संख्या 3628 अर्थात 58.95% है।

(ग): विशेष रूप से उपर्युक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय लोगों के लिए रोजगार की कोई कमी नहीं है, जैसा कि उपर्युक्त से स्पष्ट है कि एनसीएल में कार्यरत प्रमुख संविदा एजेंसियों द्वारा लगभग 59 प्रतिशत स्थानीय लोगों और पीएपी को रोजगार दिया गया है।

*****